देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 55 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...लोकल को वोकल करें



देहरादून, रविवार, 24 मई 2020

# पेज थ्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 40.0° न्यूनतम 25.0°

30672.59

2 बिहार की ज्योति की इवांका हुई मुरीद

7 आईपीएल विश्वकप के बाद सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट

## संक्षिप्त समाचार

### ममता सरकार ने मांगी सेना की मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में अम्फान के चलते मरने वालों की संख्या बढ़कर 85 हो गई है। राज्य में बिजली-पानी की आपूर्ति और राहत कार्य को लेकर प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। पश्चिम बंगाल सरकार, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ राहत कार्य में लगे हैं। इस बीच राज्य ने सेना की मदद मांगी है। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, राज्य सरकार 24*7 राहत कार्य और जरूरी चीजों की बहाली में लगी है। राज्य सरकार ने सेना की मदद मांगी है।

### मुंबई से यूपी को निकली ट्रेन जा पहुंची ओडिशा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आपने वह गाना तो सुना हो होगा, जाना था जापान पहुंच गए चीन समझ गए न। कुछ ऐसा ही मुंबई से गोरखपुर रवाना हुई एक श्रमिक स्पेशल ट्रेन के साथ हुआ। ट्रेन को कहां तो पहुंचना था गोरखपुर लेकिन यह पहुंच गई ओडिशा के राउरकेला। यानी मुंबई से रवाना हुई वसई रोड-गोरखपुर श्रमिक स्पेशल ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों के लिए अपनों के पास पहुंचने का इंतजार लंबा हो गया।

### लोगों की संपत्ति कब्जा ले सरकार, मचा हंगामा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी से लड़ने के लिए एक ओर वैक्सीन की खोज चल रही हैं, वहीं दूसरी ओर देश की अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान कई क्षेत्र के विशेषज्ञ अपनी राय भी रख रहे हैं। इस बीच योगेंद्र यादव, हर्ष मंदर, रामचंद्र गुहा आदि की ओर से मौजूदा आर्थिक संकट से निपटने के लिए एक सात सूत्रीय कार्ययोजना तैयार की गई। इस सुझाव की देशभर में काफी आलोचना हो रही है।

# प्रवासियों से फूटा 'कोरोना बम'


## उत्तराखंड में एक दिन में आए 20 और कोरोना पॉजिटिव मामले

### प्रदेश में कोरोना से हुई दूसरी मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखंड में शनिवार को साढ़े 11 बजे तक 20 कोरोना के नए मरीज सामने आए हैं। इनमें चंपावत में 7, अल्मोड़ा में 3, उत्तरकाशी में 3, देहरादून में 2, नैनीताल में 2, पिथौरागढ़ में 2 और हरिद्वार में 1 मरीज है। ये सभी लोग प्रवासी हैं। अब राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या 175 पहुंच गई हैं। इनमें 2 महिलाओं की मौत हो चुकी है, जबकि 59 स्वस्थ हो चुके हैं। बता दें कि एम्स ऋषिकेश में भर्ती कैंसर पीड़ित बिजनौर निवासी महिला की शुक्रवार शाम मौत हो गई। महिला कोरोना संक्रमित थी। प्रदेश में कोरोना से हुई यह दूसरी मौत है। इससे पहले एक मई को एम्स में ही लालकुआं हल्द्वानी निवासी 56 वर्षीय एक महिला की मौत हुई थी। वह ब्रेन अटैक के चलते अस्पताल में भर्ती हुई थी और कोरोना जांच में उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव थी। शुक्रवार को प्रदेश में थैलेसीमिया पीड़ित सात वर्षीय बच्चे समेत कोरोना के सात और मामले आए हैं।

बिजनौर निवासी महिला का पिछले दो माह से एम्स में कैंसर का उपचार चल रहा था। एम्स के निदेशक प्रोफेसर रविकांत ने महिला की मौत की पुष्टि की है। महिला 10 मार्च से 29 अप्रैल तक एम्स में भर्ती थी। निदेशक ने बताया कि महिला की कैंसर की सर्जरी की गई थी। उसके बाद वह घर चली गई थी। 9 मई को एक बार फिर जांच के लिए वह अस्पताल आई। फिर से परेशानी होने पर 19 मई को महिला को भर्ती किया गया था। उसी रोज महिला का सैंपल कोरोना जांच के लिए भेजा गया था। 20 मई को महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। और वह कोविड-19 वार्ड में भर्ती थी, जहां शुक्रवार को महिला की मौत हो गई।



### जिले में सहरुग्ण लोगों की मैपिंग शुरू

जल्द अस्वस्थ होने वाले लोगों की निगरानी को उनकी मैपिंग का कार्य शुरू हो गया है। जिला प्रशासन ने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सहरुग्ण अवस्था यानि जिन व्यक्तियों (गर्भवती महिला, मधुमेह रोगी, हृदय रोगी, या जिनका डायलिसिस चल रहा हो) की प्रतिरोधक क्षमता कम हो को चिह्नित किया जा रहा है। ऐसे लोगों में कोरोना संक्रमण का खतरा अधिक है। आइएमए व विभिन्न चिकित्सालयों से ऐसे व्यक्तियों का डाटा प्राप्त किया जा रहा है।

### गंगोलीहाट व बेरीनाग के क्वारंटाइन सेंटरों में मिले दो पॉजिटिव

पिथौरागढ। बागेश्वर में कोरोना पॉजिटिव युवको के सामने आने के बाद गंगोलीहाट प्रशासन भी मौके पर सर्तक हो गया। जैसे ही गंगोलीहाट प्रशासन को कोरोना पॉजिटिव युवको के होने का पता चला तो प्रशासन में हड़कम्प मच गया। प्रशासन ने उन पांच लोगों की खोजबीन शुरू कर दी। वही बागेश्वर में पाजिटिव पाये गये युवक की हिस्ट्री खंगालने पर पता चला कि उसके साथ गंगोलीहाट के पांच युवक बागेश्वर होते अपने गंतव्यों तक पहुंचे। जानकारी के मुताबिक कस्तूरबा गांधी विधालय गंगोलीहाट में युवक रघुवीर प्रसाद पुत्र मोहन राम निवासी दसाईथल चोकुना उम्र 32 वर्ष को क्वारंटाइन सेंटर में संस्थागत क्वारंटाइन किया गया। दूसरा युवक 11 मई को गुरुग्राम से जिला मुख्यालय पहुंचा था। उसकी भी रिपोर्ट पाजिटिव निकली।

# अगले 10 दिनों में 26 सौ ट्रेनें चलाई जाएंगी

## 1 जून से 200 और स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रेल और गृह मंत्रालय की शनिवार को संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस आयोजित हुई। इस मौके पर गृह मंत्रालय की संयुक्त सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि अब तक 2600 से अधिक विशेष ट्रेनें चली हैं, 35 से अधिक लाख प्रवासियों ने इन ट्रेनों का लाभ उठाया है। श्रमिक स्पेशल ट्रेनों की संख्या अब प्रतिदिन 200 से अधिक हो गई है। बसों से 40 लाख से ज्यादा लोग यात्रा कर चुके हैं। 2 जून से रेलवे और भी स्पेशल ट्रेन चलाएगा जिसके लिए 14 लाख बुकिंग हो चुकी हैं।

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने कहा कि भारतीय रेलवे एक मई को श्रमिक स्पेशल ट्रेनें शुरू की गई। सभी यात्रियों को मुफ्त भोजन और पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। ट्रेनों और स्टेशनों में सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। 80 प्रतिशत ट्रेन यात्राएं उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रवासी मजदूरों द्वारा की गई हैं।

उन्होंने कहा कि आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 1 जून से 200 और स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया गया है। इस दौरान शिकायत आ रही थीं कि श्रमिक भाई बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए टिकट काउंटर खोलने का भी फैसला किया गया। प्रवासी श्रमिकों के लिए जो ट्रेनें चलाई जा रही हैं, वे राज्य सरकार के समन्वय के साथ चलाई जा रही हैं। अगर जरूरत पड़ी तो 10 दिन के बाद भी ट्रेनें शेड्यूल की जाएंगी।

### 36 लाख यात्री सफर कर पाएंगे

भारतीय रेल और राज्य सरकारों ने मिलकर अगले 10 दिनों के लिए एक शेड्यूल बनाया है और 2600 ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसमें 36 लाख यात्री सफर कर पाएंगे। अगर किसी भी स्टेशन से ज्यादा संख्या में प्रवासी अपने घर जाना चाहेंगे तो उनके लिए भी ट्रेन सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी।

### सवा लाख के पार पहुंचा संक्रमितों का आंकड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामले बढ़कर 1.25 लाख के पार पहुंच गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में अब तक कुल 1,25,101 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं अब तक 3720 लोगों की कोरोना के कारण मौत हो चुकी हैं। देश में फिलहाल 69,597 एक्टिव केस हैं, वहीं 51,784 लोग ठीक होकर अस्पतालों से डिस्चार्ज हो चुके हैं। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के अब तक 44,582 मामले सामने आ चुके हैं, वहीं 1517 लोगों की मौत हो चुकी है। ष्ब्डत्र के मुताबिक देश में कोरोना वायरस के अब तक कुल 28,34,798 सैंपल की जांच की जा चुकी है। पिछले 24 घंटों में देश में परीक्षण किए गए नमूनों की संख्या 1,15,364 है। कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक राज्य में 22 मई शाम 5 बजे से अब तक कर्नाटक में 196 नए मामले सामने आ चुके हैं।

# एलएसी पर पहुंचे थलसेना अध्यक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■जवानों का हौसला बढ़ाया

जम्मू। पूर्वी लद्दाख में चीन से बढ़ी तनातनी के बीच भारतीय थल सेना अध्यक्ष एमएम नरवणे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पहुंचे। यहां उन्होंने गलवां घाटी में चीनी सैनिकों के जमावड़े से उपजे हालात का जायजा लिया। उन्होंने जवानों का हौसला बढ़ाया। चीन द्वारा गलवां घाटी में घुसपैठ कर टेंट लगा लिए गए हैं। इसका जवाब देने के लिए भारतीय सेना के जवान इस समय किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार थल सेना अध्यक्ष ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मौजूदा सुरक्षा हालात जाने हैं। उन्होंने लद्दाख खासतौर पर पूर्वी लद्दाख में सेना की ऑपरेशनल तैयारियों को जांचा है। उन्होंने सेना की उत्तरी कमान व लद्दाख की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली सेना की 14 कोर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की है। इसके अलावा जवानों से बातचीत की और उनका हौसला बढ़ाया। देर शाम जनरल नरवणे दिल्ली लौट गए। मौजूदा स्थिति के बारे में वह रक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट देंगे। हालांकि, देर शाम तक सेना की उत्तरी कमान ने आर्मी चीफ के लद्दाख दौरे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की थी।

# हमारा राहत पैकेज दूसरे देशों की तर्ज पर

### राहत पैकेज का आकार जरूर अलग-अलग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आत्मनिर्भर भारत पैकेज को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस पैकेज की घोषणा करने से पहले हमने दूसरे देशों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की। हमने यह जानने की कोशिश की कि कोरोना संकट से अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए उनकी तरफ से क्या-क्या कदम उठाए गए हैं। दूसरे देशों की घोषणा का बारिकी से अध्ययन करने के बाद आत्मनिर्भर भारत पैकेज को तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों के आर्थिक पैकेज में भी फिस्कल स्टिमुलस, मॉनिटरी स्टिमुलस, गारंटी, संट्रल लिक्विडिटी जैसी चीजें शामिल हैं। हमने भी अपने पैकेज में इन चीजों को शामिल किया है।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत को टेक्नॉलजी का बहुत फायदा मिला है। टेक्नॉलजी के कारण ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर की मदद करोड़ों लोगों को तुरंत राहत पहुंचाई गई।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**

All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**

1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**

A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:

**Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in